भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4657

20 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

बिहार में आयुष अस्पताल

4657. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने बिहार में कोई आयुष अस्पताल स्थापित किया है और यदि हां, तो बिस्तरों की क्षमता और स्थापना के वर्ष सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या बिहार के सरकारी अस्पतालों में आयुष उपचार के कोई समर्पित केंद्र अथवा आईपीडी इकाइयां कार्य कर रही हैं और यदि हां, तो ऐसे केन्द्रों की संख्या और प्रदान की जाने वाली सेवाओं सहित तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है।

(ग) क्या आयुष्मान भारत अथवा राष्ट्रीय आयुष मिशन जैसी योजनाओं के अंतर्गत बिहार में कोई नया आयुष अस्पताल या उपचार केंद्र प्रस्तावित या निर्माणाधीन हैं और इनकी समय-सीमा, आवंटित वित्त पोषण और संभावित क्षमता कितनी है;

(घ) क्या सरकार के पास बिहार में मौजूदा आयुष अस्पतालों और केन्द्रों में उपयोग की दर, रोगियों की संख्या और कार्यबल की उपलब्धता के संबंध में आंकड़े हैं और यदि हां, तो विगत तीन वर्षों का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या बिहार के ग्रामीण और अल्पसेवित क्षेत्रों में पहुंच में सुधार लाने के लिए राज्य में आयुष अवसंरचना का विस्तार करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): सार्वजनिक स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, किसी भी आयुष अस्पताल, अन्तः रोगी विभाग (आईपीडी) इकाई या उपचार सुविधा की स्थापना की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आती है। हालांकि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत 50/30/10 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पताल की स्थापना का प्रावधान है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारें राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी) के माध्यम से उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करके वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती हैं। बिहार राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, आयुष स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए बिहार राज्य में आईपीडी इकाइयों सहित निम्नलिखित आयुष अस्पताल/उपचार सुविधाएं स्थित हैं:-

क्र.सं.	**अस्पताल का नाम**	**स्थापना वर्ष**	**बिस्तरों की संख्या**
1.	राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना	1926	224
2.	राजकीय तिब्बी कॉलेज एवं अस्पताल, पटना	1926	120
3.	10 बिस्तरों वाला सरकारी होम्योपैथिक अस्पताल, पटना	1986-87	10

4.	आरबीटीएस होम्योपैथिक कॉलेज एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर	1981	56
5.	राजकीय अयोध्या शिवकुमारी आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल, बेगुसराय	1998	60

(ग): बिहार राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर, आयुष मंत्रालय ने नवाब मंजिल, पटना में एक एकीकृत आयुष अस्पताल के निर्माण हेतु एनएएम के अंतर्गत 902.07 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

इसके अतिरिक्त, 2024-25 तक 2350.789 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं और बिहार राज्य में मौजूदा आयुष औषधालयों और स्वास्थ्य उप-केंद्रों का उन्नयन करके 294 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) कार्यशील हैं।

(घ) और (ङ): सार्वजनिक जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, उपयोग दर, रोगियों की संख्या, मानव संसाधन की उपलब्धता से संबंधित आंकड़े एकत्र करने और ग्रामीण एवं वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में सुधार के लिए बिहार में आयुष अवसंरचना के विस्तार हेतु योजनाएं तैयार करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की है। हालांकि, एसएएपी के माध्यम से प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर, ग्रामीण एवं वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में सुधार और अवसंरचना के विस्तार हेतु एनएएम के तहत बिहार राज्य को मंत्रालय द्वारा समर्थित प्रमुख गतिविधियों का विवरण **संलग्नक** पर दिया गया है।

इसके अलावा, बिहार राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, विगत तीन वर्षों में इन केंद्रों के माध्यम से कुल 118 मानव संसाधन तैनात किए गए हैं और 15,55,850 लाभार्थियों को विभिन्न सेवाओं का लाभ मिला है।

*****

संलग्नक

बिहार राज्य में 2014-15 से 2024-25 तक एनएएम के तहत समर्थित प्रमुख गतिविधियाँ

(i) एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए **1** इकाई को सहायता प्रदान की गई है।

(ii) बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं के उन्नयन के लिए **10** आयुष औषधालयों को सहायता प्रदान की गई है।

(iii) दवाओं और आकस्मिक खर्चों की आवर्ती सहायता के लिए **450** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सह-स्थापन के तहत सहायता प्रदान की गई है।

(iv) आवश्यक आयुष दवाओं की आपूर्ति के लिए **2929** आयुष औषधालयों को सहायता प्रदान की गई है।

(v) बुनियादी ढांचे, पुस्तकालय और अन्य सुविधाओं के उन्नयन के लिए **2** स्नातक और **1** स्नातकोत्तर आयुष शिक्षण संस्थानों को सहायता प्रदान की गई है।

(vi) **12** आयुष ग्रामों को सहायता प्रदान की गई है।

(vii) **294** आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) को सहायता प्रदान की गई है।